हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 13 दिसंबर 2023

11 ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



12 जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां बांटी



## खबर संक्षेप

### लाम्बा व खुंबर में यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**रतिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज गांव लाम्बा और खुम्बर में पहुंची। भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा व पंचायत समिति चेयरमैन केवल कृष्ण मेहता ने कार्यक्रम मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

### फतेहाबाद व टोहाना से दो मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** जिले से दो बाइक चोरी कर लिए। भोड़ियाखेड़ा निवासी रोहताश ने कहा है कि गत दिवस वह बाइक पर फतेहाबाद गया था। उसने बाइक हंस मार्किट में एक दुकान के पास खड़ा किया जब वह वापस लौटा तो बाइक गायब थी। दूसरे मामले में टोहाना के सुनीत की उसके घर के बाहर से बाइक चोरी होने बारे केस दर्ज किया है।

### खेतों से सैकड़ों फुट केबल व ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी

**फतेहाबाद।** गांव धोलू में खेतों से सैंकड़ों फुट ट्यूब्वैल केबल व ट्रांसफार्मर से तेल चोरी कर लिया। गांव धोलू निवासी महेन्द्र सिंह ने कहा है कि उसके खेत में ट्रांसफार्मर में से 100 लीटर तेल चोरी कर ले गए हैं। छबीलदास के खेत के से 40 फुट तार, रमेश के खेत से 60 फुट, संदीप के खेत से 50 फुट, नरसी के खेत से 40 फुट, बिन्द्र के खेत से 25 फुट केबल चोरी कर ले गए हैं।

### मारपीट कर युवक को किया घायल, मामला दर्ज

**रतिया।** टोहाना रोड पर वार्ड 15 निवासी सोनी सिंह से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को नागरिक अस्तपाल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने घायल सोनी सिंह की शिकायत पर आरोपी जोली, धन्ना, लक्की, बिड्डु, गुरप्रीत व बावा के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को शिकायत में सोनी सिंह ने कहा कि वह टोहाना रोड पर गली से निकल रहा था कि तभी पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने रास्ता रोकर कर मारपीट की।

### 40 मिनट में ही बहस के बाद ही बैठक छोड़कर चले गए प्रधान, बोले- हाईजैक हो चुकी थी बैठक

# दस महीने के बाद नगरपरिषद की हुई बैठक में जमकर भिड़े प्रधान और उपप्रधान पक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अपनी नगरपरिषद की 10 महीने के बाद मंगलवार को सदन की बैठक में प्रधान और उपप्रधान के बीच जमकर तू-तड़ाक हुई। बैठक में दोनों पक्षों में जूतम पैजार हो, उससे पहले ही प्रधान राजेन्द्र खिची बैठक बीच में ही छोड़कर चले गए। प्रधान का आरोप है कि बैठक को विधायक दुड़ाराम के लोगों ने पूरी तरह हाइजैक कर लिया था, जिस कारण उन्हें मजबूरन बैठक का बहिष्कार करना पड़ा। खिची ने कहा कि वह इस मामले को सीएम तक ले जाएंगे। इससे एक बार फिर शहर में विकास के काम फिर से अटक गए हैं। मीडिया को पुलिस ने सदन में नहीं घुसने दिया गया। बैठक में पार्षद प्रतिनिधियों को भी नहीं जाने दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, 10 माह बाद मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में आयोजित हाऊस की बैठक में शहर में विकास के मुद्दों को लेकर पार्षदों द्वारा एजेंडे लेकर आए गए थे। बैठक 3 बजे आरंभ हुई और बैठक के आरंभ होते ही विभिन्न मुद्दों को लेकर पार्षदों ने प्रधान राजेन्द्र खिची को घेरना आरंभ कर दिया। यहां तक की प्रधान राजेंद्र खिची व उपप्रधान सविता टुटेजा के बीच भी तीखी बहस हुई। पार्षद राजू तूड़ेवाला ने तो यहां तक कह दिया कि प्रधान को हटा दिया जाएगा। इस बात को लेकर प्रधान इतना खफा हुए कि वह बैठक का बहिष्कार करके चले गए। बहिष्कार करने के बाद सदन से बाहर आए प्रधान राजेंद्र खिची ने कहा कि इस बैठक को पूरी तरह से हाइजैक कर लिया गया था।बैठक से बाहर निकली महिला पार्षदों ने भी नगरपरिषद उपप्रधान पर दादागिरी करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उपप्रधान द्वारा उन्हें बैठक में बोलने तक नहीं दिया जा रहा। प्रधान को शहर की जनता ने चुना है न कि पार्षदों ने। कुछ पार्षद उन्हें हटाने की धमकी दे रहे हैं।





फतेहाबाद। नगरपरिषद बैठक में मौजूद प्रधान व उपप्रधान व बैठक में हंगामे के बाद उपप्रधान पर आरोप लगाते प्रधान व पार्षद।

### एग्रेसिव दिखीं सविता

नगर परिषद की उपप्रधान सविता टुटेजा भी आज प्रधान के खिलाफ एग्रेसिव नजर आई। उनका आरोप था कि बीच सदन प्रधान ने उनसे अपशब्द कहे हैं। 10 माह बाद बैठक बुलाना एक प्रधान की नाकामी दर्शाता है। वह शहर में विकास होने ही नहीं देना चाहते। जो एजेंडे पार्षद लेकर आते हैं, उन पर कलम नहीं चल रही है और टेंडरों को रद करवाया जा रहा है।

### सिलेंडर ब्लैक का आरोप

नगरपरिषद बैठक में हंगामे के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नगरपरिषद उपप्रधान सविता टुटेजा के पति बिन्टू टुटेजा ने चेयरमैन राजेन्द्र खिची को जमकर आड़े हाथ लिया। उन्होंने प्रधान पर उपप्रधान को अपशब्द कहने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरा शहर जानता है कि नगरपरिषद प्रधान ने सिलेण्डरों की कितनी कालाबाजारी की है।

### प्रधान-विधायक के बीच दूरियां

दरअसल, प्रधान राजेन्द्र खिची को विधायक ने ही भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़वाया था। बाद में हुए घटनाक्रम के चलते विधायक ने फतेहाबाद के 'बिन्टू' की धर्मपत्नी सविता टुटेजा को उपप्रधान बनवाया तो उसके बाद प्रधान और विधायक के बीच दूरियां बढ़ती गई विकास कार्यों के कई टैंडर रद होना इसका ताजा उदाहरण है। प्रधान ने इस बारे अनेक पत्र भी उच्चाधिकारियों व सीएम को लिखे लेकिन मामला सुलझने की बजाय उलझता गया।

### 'इगो' का सवाल

विकास कार्यों के टैंडर, सफाई को लेकर प्रस्ताव पास होने की उम्मीद लगाए बैठे शहरवासी इस बैठक में हुए हंगामे के बाद हैरत में हैं। 14 से सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। नप ने क्या वैकल्पिक व्यवस्था है, इस पर चर्चा नहीं हुई।

## पिस्टल के साथ वीडियो बना सोशल मीडिया पर डाला, केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पिस्टल के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालना दो लोगों को महंगा पड़ गया। वीडियो वायरल होने के बाद अब पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम एसआई रामपाल के नेतृत्व में गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि आजकल सोशल मीडिया पर एक वीडियो चल रही है जिसमें दो व्यक्ति अपने हाथों में पिस्टल लिए हुए हैं और एक व्यक्ति कंधे पर बंदूक रखकर फायर करता हुआ दिखाया जा रहा है। यह वीडियो टोहाना की बताई गई है। वीडियो में फायर करने वाले व्यक्ति का फोटो व विकास लाम्बा बडौदा बैंक लिखा था। वीडियो में विकास लाम्बा ने सरेआम फायरिंग कर रहा है। विकास व उसका साथी अपने हाथों में हथियार लिए हुए प्रदर्शन व हवाई फायर कर रहा है, जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।



**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया पर वायरल फोटो।

## विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- ससुरालजनों पर हत्या का आरोप, जाखल के गांव ढेर का मामला

जाखल के गांव ढेर में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने उसके ससुरालजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए टोहाना के नागरिक अस्पताल लाया गया है। इस मामले में पुलिस ने जहां मृतका के ससुरालजनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया है वहीं मृतका के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को टोहाना में चण्डीगढ़ रोड पर जाम लगा दिया। जाम के कारण चण्डीगढ़ रोड पर यातायात अवरुद्ध हो गया। इस बारे सूचना मिलते ही डीएसपी मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्य आरोपित को पुलिस द्वारा हिरासत में लेने के बाद लगभग तीन बजे जाम हटा दिया गया, जिसके चलते तीनों मार्ग पर लगी वाहनों की लंबी लाइनों के बाद चालकों को राहत मिली। जाखल पुलिस को दी शिकायत में गांव सिधानी निवासी हरमेल कौर ने कहा है कि उसकी लड़की सोमा की शादी नवम्बर 2019 में लखवीर सिंह निवासी ढेर के साथ हुई थी। शादी के बाद इनके 3 साल का एक लड़का भी है। हरमेल कौर ने कहा कि उसकी लड़की सोमा जब भी उनके पास आती तो कहती थी कि उसके पति के नाजायज सम्बंध है और जब वह इसका विरोध करती हैं तो उसका पति, सास व जेठानी उसके साथ मारपीट करते हैं। महिला ने कहा कि 10 दिसम्बर को उसके साथ उसकी लड़की का फोन आया कि उसका पति, सास व जेठानी उसके साथ झगड़ा कर रहे हैं। शाम को उन्हें सूचना मिली कि सोमा की मौत हो गई है। इस पर जब वे मौके पर गए तो सोमा के ससुरालजनों ने बताया कि सोमा ने चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सोमा बैड पर मृत पड़ी थी। उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। इस पर उन्होंने इस बारे पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक के पति लखवीर, सास गुड्डी व जेठानी गुरविन्द्र कौर के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है।





टोहाना। चण्डीगढ़ रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन करते मृतका के परिजन। फोटो : हरिभूमि

## महिलाओं तक लाभ पहुंचाने की गारंटी है विकसित भारत संकल्प यात्रा : राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ने किया महिलाओं का आह्वान



राखी मक्कड़।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके घर द्वार पर ही केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। खासकर महिलाओं को सरकार की योजनाओं का गांव में ही जाकर लाभ दिया जा रहा है। महिलाओं को चाहिए कि वे इस यात्रा के दौरान गांव में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल हों ताकि मौके पर ही सम्बंधित विभाग के कर्मचारियों द्वारा उनके फार्म भरकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिया जा सके। यह यात्रा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाने की गारंटी है। यह बात भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़ ने जिले की तीनों विधानसभाओं में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का महिलाओं से ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कही। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष सुनीता डांगी और भाजपा जिलाध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोहा के दिशा-निर्देशानुसार महिला मोर्चा की कार्यकर्ता यात्रा में शामिल होकर महिलाओं को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा उनके कल्याणार्थ लागू की जा रही योजनाओं बारे जानकारी देकर उन्हें जागरूक कर रही हैं। भाजपा नेत्री राखी मक्कड़ ने कहा कि भाजपा सरकार का प्रयास है कि जनकल्याण को लेकर लागू की जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक सभी लोगों को मिले। लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। जानकारी के अभाव में ग्रामीण लोग सरकार की इन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते। खासकर ग्रामीण महिलाएं योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाती है। ऐसे में भाजपा सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का अहम कदम उठाया है।

### सर्व कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय कन्वेंशन आज फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ जिला फतेहाबाद की जिला स्तरीय कन्वेंशन 13 दिसम्बर को दोपहर डेढ बजे पटवार भवन में होगी। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भूप सिंह ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी की रोहतक मीटिंग में लिए गए फैसले अनुसार प्रत्येक जिले में कर्मचारियों एक बड़ी कन्वेंशन आयोजित की जानी है। इसका मुख्य उद्देश्य 4 फरवरी 2024 को रोहतक में प्रस्तावित सर्व कर्मचारी संघ की आक्रोश रैली को कामयाब करना है। बुधवार को फतेहाबाद में होने वाली कन्वेंशन में मुख्य वक्ता के तौर पर सर्व कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान धर्मवीर फोगाट व हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य प्रधान धर्मेन्द्र ढांडा भाग लेंगे।

## कंप्यूटर ऑपरेटर्स की दूसरे दिन भी हड़ताल, काम ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- रजिस्ट्रियों, रिहायशी प्रमाण पत्र, डीएल के काम रहे अटके

अपनी मांगों को लेकर कम्प्यूटर प्रोफेशनल मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। हड़ताली कम्प्यूटर प्रोफेशनल ने प्रदर्शन को लेकर पंचकूला कूच किया। कम्प्यूटर प्रोफेशनल की हड़ताल के चलते दूसरे दिन भी ई-दिशा केन्द्र में कामकाज ठप्प रहा। हड़ताल के चलते आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ई-दिशा के सभी कार्य ठप रहे, जिस कारण गांवों से काम करवाने आए लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा। दिनभर में जिला मुख्यालय पर करीब एक हजार आवेदनों पर काम नहीं हो सका। हड़ताल के चलते ई-दिशा केंद्र में सन्नाटा पसरा रहा। जिला मुख्यालय के 20 काउंटरों पर सभी सेवाएं बंद रहीं। फतेहाबाद में सोमवार व मंगलवार को करीब 90 रजिस्ट्रियां, 280 फर्द, 235 लोन के कागजात, आरसी व डीएल के 365, रिहायशी प्रमाण पत्र के 310, आरटीओ कार्यालय के लिए आवेदन के 100 के करीब आवेदन आते हैं, जो नहीं हो पाए। लोग ई-दिशा केंद्र में तो आए लेकिन ई-दिशा केंद्र के सभी काउंटर खाली थे। मकान रजिस्ट्री का केबिन तो बाहर से ही बंद था, जिस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोग अपने परिजनों को फोन पर इसकी जानकारी देते रहे। वहीं जमीन की रजिस्ट्री पर लोन लेने आए लोग भी परेशान हुए। कम्प्यूटर प्रोफेशनल संघ के जिला अध्यक्ष देवीलाल व राज्य उपप्रधान सुखविंद्र ने बताया कि कम्प्यूटर प्रोफेशन संघ लगातार लंबे समय से अपनी मांगों के लिए संघर्षरत है। 11 सितंबर 2019 को भारतीय मजदूर संघ के साथ मुख्यमंत्री मनोहरलाल की अध्यक्षता में सेवा नियम की सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने के बाद अब 4 साल से इस पर कोई काम नहीं हुआ है। अगर अब भी उनकी मांगों को नहीं माना गया तो आगे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनकी मांग है कि डीआईटीएस का केंद्रीयकरण कर बजट का प्रावधान किया जाए। सभी कार्यरत कर्मचारियों के पद सृजित किए जाएं। एचकेआरएनएल में भेजे गए सभी कर्मचारियों को वापिस डीआईटीएस में समायोजित किया जाए। 58 साल तक सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए।



**फतेहाबाद।** हड़ताल के चलते सुनसान पड़ा ई-दिशा केन्द्र। फोटो : हरिभूमि

### छह करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन

# प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा है कि गांव के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार ने योजनाओं को धरातल पर लागू कर नागरिकों को लाभ पहुंचाया है। कैबिनेट मंत्री ने मंगलवार को गांव बुआन, बोस्ती, ढाणी भोजराज, ढाणी सांचला, भट्टू, ढाणी डुल्ट, डुल्ट, जांडली कलां व खुर्द, चंद्रवाल, नाढोड़ी, घोटड़ू, धोलू, टिब्बी व रहनखेड़ी में 6 करोड़ रुपये की लागत की 40 परियोजनाओं का उदघाटन किया। कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों की परेशानियों को दूर करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांवों में जरूरत के कामों को प्राथमिकता से पूरा कर देने मात्र से ही धीरे धीरे गांव विकसित हो जाएंगे लेकिन जरूरत प्राथमिकता तय करने की है। विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निरन्तर चल रही विकास यात्रा प्रदेश के विकास की बुनियाद को और अधिक सशक्त करेंगी। उन्होंने कहा कि शहरों की तर्ज पर अब गांवों में भी सामुदायिक केंद्र बनाए जा रहे हैं। हरियाणा सरकार पहले बड़ी आबादी वाले गांवों से इस योजना की शुरूआत की थी, अब मांग अनुसार अन्य स्थानों पर भी इन्हें बनवाया जायेगा।



टोहाना। गांवों में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली। फोटो : हरिभूमि

### शहरों की तर्ज पर गांवों में मिल रही सुविधाएं

विकास एवं पंचायत मंत्री बबली ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण आंचल में बसने वाले नागरिकों को शहरी क्षेत्र की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। गांवों में विकास कार्यों को गली-नालियों तक ही सीमित न रखते हुए अनेक अनूठे कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इनमें अमृत सरोवर, ग्रे-वाटर मैनेजमेंट, ई-लाईब्रेरी, इंडोर व आउटडोर जिम, सामुदायिक केंद्रों का निर्माण, सीसीटीवी कैमरे, अत्याधुनिक स्ट्रीट लाईट, आधुनिक पार्क व व्यायामशालाएं, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, महिला सांस्कृतिक केंद्र जैसी अनेक पहल की गई हैं। इस दौरान विकास एवं पंचायत मंत्री ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## अंत्योदय के मूलमंत्र के साथ सरकार दे रही योजनाओं का लाभ : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

- मौके पर ही फार्म भरकर लाभ देना ही मकसद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में मौजूदा सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने का काम किया है। यह बात गांव लोहाखेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली धर्मपत्नी सुनीता देवी ने लाभार्थियों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टाल का निरीक्षण करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों पहुंचाने के लिए सरकार ने परिवार पहचान पत्र को क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। नागरिकों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है। वर्तमान केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा ऐसी व्यवस्था को कायम किया गया है, जिसमें वंचित वर्ग के लोगों के घर द्वार पर योजनाओं व कार्यक्त्रमों का लाभ पहुंच रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य भी योजनाओं के सभी पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना है। किसी को लाभ नहीं मिला है तो उनका मौके पर ही फार्म भरकर उन्हें लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करवाना है।



टोहाना। लाभार्थियों को सम्मानित करते सुनीता बबली।





**खबर संक्षेप**

### लोन की राशि हड़पने वाले दो पकड़े

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने विद्यानंद कॉलोनी निवासी महिलाओं को स्कीम के तहत लोन दिलाने के नाम पर दस्तावेज लेकर धोखाधड़ी से लोन की तीन लाख की राशि हड़पने के मामले में गिरोह के दो आरोपियों नरेंद्र निवासी सौंदापुर चौक जाटल रोड पानीपत व महताब निवासी कैराना शामली को काबू किया। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र के कब्जे से 45 हजार व एटीएम कार्ड बरामद किए है।

### गैस भरते हुए वैन में आग लगी

**समालखा।** पानीपत के गांव पट्टीकल्याण जीटी रोड स्थित सीएनजी पंप पर मंगलवार को अचानक से गाड़ी में सीएनजी भरते हुए ब्लास्ट हो गया तथा कार में आग लग गई। ब्लास्ट इतना भयानक था कि साथ खड़ी एक वैन को भी अपने चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

### यूनिसेफ स्थापना दिवस मनाया

**पानीपत।** बाल विकास एवं बाल अधिकार संरक्षण को समर्पित संस्था यूनिसेफ स्थापना दिवस आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष महताब मलिक रहे व आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य विशिष्ठ अतिथि रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की।

### हादसे में हुई मौत के मामले में चालक काबू

**बराड़ा।** सडक़ दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप कुमार को काबू कर लिया है। परिवादी शिव कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 नवंबर 2023 को सांई बाबा मंदिर के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसके चचेरे भाई अजय को टक्कर मारी जिससे उसकी मौत हो गई।

### 71 कन्याओं को वितरित की जैकेट

**लाडवा।** लाडवा के राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय की 71 कन्याओं को समाजसेवी राजेश गर्ग की पत्नी शिखा गर्ग की ओर से सर्दी को देखते हुए जैकेट वितरित की गई। विद्यालय के प्राचार्य रामपाल सरोहा ने कहा कि इस समय सर्दी का सीजन शुरू हो गया है और सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली कुछ जरूरतमंद कन्याएं जो छठी कक्षा से 11वीं कक्षा तक में पढ़ती है।

# शिल्पकारों की कला के मुरीद हुए देश-विदेश के पर्यटक

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में पहुंचने लगे है शिल्पकारों की कला के कद्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में ब्रह्मसरोवर के चारों ओर शिल्पकारों व दस्तकारों का बाजार सज चुका है। देश के विभिन्न हिस्सों से दस्तकार अपनी-अपनी कला के नमूने शिल्प और सरस मेले में ब्रहमसरोवर के पावन तट पर प्रदर्शित कर रहे है और हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ साथ पड़ोसी राज्यों के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। विभिन्न राज्यों के दस्तकारों व शिल्पकारों के इस एकीकरण से कला के कदरदान भी अपनी पसंद की कलात्मक वस्तुओं का चयन करने में पूरा समय लगा रहे हैं और महोत्सव का भरपूर फायदा लेते हुए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों से आये दस्तकारों व शिल्पकारों के चेहरे भी भीड़ देखकर खुश थे, क्योंकि दस्तकारों के लिए अपनी कला को प्रदर्शित करने का महोत्सव एक बड़ा अवसर उपलब्ध करवाता है। गीता महोत्सव के सरस और शिल्प मेले में विभिन्न राज्यों से आए दस्तकार व शिल्पकार जो अपने-अपने राज्यों की कला विशेष को प्रस्तुत किए हुए है, उनमें देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के बनारस से आए दस्तकार कडुआ बूटी प्रिंटिंग वाली मशहूर बनारसी साड़िया, इसी राज्य के मनका युक्त आर्टिफिशियल आभूषण व चाइना मिट्टी से बने सेरामिक कोटरी व हैंड पेंटेड क्राकरी, पश्चिम बंगाल की विशेष टेराकोटा मिट्टी व लकड़ी से बनी दस्तकारी के सजावटी सामान, राजस्थान की वेलवेट परहैंड मेड वाटर कलर पेंटिंग, गुजराती दस्तकारों द्वारा सूती कपड़े पर हाथ की छपाई वाले आकर्षक डिजाइन से तैयार बेड शीट, सोफा कवर, पर्दे, तकिया कवर इत्यादि शामिल है, को पर्यटक खुब पसंद कर रहे हैं। महोत्सव में इसी तरह पश्चिम बंगाल के सूखे सजावटी व आकर्षक फूल, आसाम के दस्तकारों द्वारा बम्बू से बनाई सजावटी व घरो में प्रयोग होने वाली वस्तुएं, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की ब्रास मेटल की आकर्षक मूर्तियां व अन्य कलाकृतिया, पंजाब की मशहूर फुलकारी के डिजाइन वाले वस्त्र, हरियाणा की हैंड एम्ब्रॉयडरी, राजस्थान के दस्तकारों द्वारा बनाई पत्थर की आकर्षक मूर्तियां, कश्मीर के दस्तकारों को विशेष पहचान दिलाने वाली पश्मीना शाल व कश्मीरी वस्त्र तथा देवभूमि हिमाचल के दस्तकारों द्वारा बनाई गई विशेष हिमाचली टोपी व अन्य डिजाइनर हाथ की कढ़ाई वाले गर्म कपड़े पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से मिल रही अनोखी पहचान

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के कारण ही धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रुप में एक अनोखी पहचान मिल रही है। इस गीता स्थली कुरुक्षेत्र की गोद में देश की लगभग सभी राज्यों की लोक कला और संस्कृति समा गई है। इस लोक कला और संस्कृति को देखने के लिए हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक कुरुक्षेत्र पहुंच रहे हैं। इस वर्ष भी गीता महोत्सव के मंच पर देश के विभिन्न राज्यों से 800 से ज्यादा शिल्पकार पहुंचे हैं और देश के 13 से ज्यादा राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति की छटा बिखेर रहे थे। इस धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रुप में पहचान दिलाने का सारा श्रेय मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जाता है। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर और आसपास के क्षेत्र को देखकर ऐसा लग रहा है मानों भारतवर्ष की संस्कृति व शिल्पकला एक लघु भारत के रुप में ब्रहमसरोवर पर उमड़ आई हो। गीता महोत्सव में अनेक राज्यों से आए कलाकार अपनी हस्तकला के माध्यम से अपनी कला का हुनर दिखा रहे हैं।



### साइकिल चक्की से मिनटों में पिस जाएगा गेहूं, साथ में बनी रहेगी सेहत

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सुरेश कुमार साइकिल वाली चक्की लेकर आए है। इस मशीन से आटा पीसने के कारण, एक तो शारीरिक व्यायाम भी हो जाता है। इस चक्की को साइकिल की तर्ज पर तैयार किया गया है। चक्की पर भी पैडल लगाए गए हैं। करीब एक घंटा साइकिल वाली चक्की को चलाकार चार से साढ़े चार किलो अनाज आसानी से पीसा जा सकता है। इतना ही नहीं चक्की में अनाज को मोटा पीसना है या बारीक, इसके लिए भी विकल्प दिया हुआ है। अनाज पीसने के साथ-साथ शरीर की कैलोरी भी बर्न होगी। सुरेश कुमार ने बताया कि उसने सबसे पहले साइकिल वाली चक्की 2020 में बनाई थी। उसने एक साइकिल खरीदी और उसे आधे हिस्से में काटकर आगे वाले हिस्से में एक चक्की फिट कर दी, लेकिन अनाज पीसने के लिए आगे पत्थर लगे होने के कारण वह काफी भारी चलती थी, जिससे चलाने वाला बहुत जल्दी थक जाता। ऐसे में उसने साइकिल में एक गियर बॉक्स डाल दिया, जिससे कि अनाज की पिसाई के समय पैडल आसानी से घूमने लगे। साइकिल वाली इस चक्की को हाथ से भी चलाया जा सकता है। सुरेश ने बताया कि साइकिल वाली चक्की में पिसाई के लिए जिन पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। वह पहाड़ों की मजबूत चट्टान का है। यह पत्थर इतनी आसानी से नहीं टूटता। साइकिल वाली चक्की सालों साल चलने वाली है।





कुरुक्षेत्र। प्रस्तुति देते गतका पार्टी के सिख। फोटो : हरिभूमि

### प्रदर्शनी में नजर आएगी हरियाणा के विकास की तस्वीर

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में हरियाणा के विकास की तस्वीर नजर आएगी। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के पिछले 9 साल के बड़े प्रोजेक्ट और योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा कुरुक्षेत्र 48 कोस के तीर्थों, महाभारत के 18 अध्यायों, गीता के उपदेशों को दर्शाया जाएगा और सेल्फी प्वाइंट भी रखे जाएंगे। महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल मंगलवार को राज्यस्तरीय प्रदर्शनी की तैयारियों को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य स्तरीय प्रदर्शनी की सभी तैयारियां और विभागों के द्वारा सभी स्टॉल 16 दिसंबर को सायं 5 बजे तक तैयार किए जाने है। इसलिए निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करेंगे। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन 17 दिसंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे।

- प्रदेश सरकार के पिछले 9 साल के बड़े प्रोजेक्ट और योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा

### सजने लगा असम प्रदेश की संस्कृति का मंच

ब्रहमसरोवर के पावन तट पुरुषोतमपुरा बाग में असम प्रदेश की संस्कृति का मंच सजने लगा है। यह मंच अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 के अवसर पर लगने जा रहा है। इस बार असम प्रदेश की सरकार ने महोत्सव में पार्टनर राज्य की भूमिका अदा की है। इसलिए असम सरकार की तरफ से ब्रहमसरोवर के फ्लैग ग्राउंड में असम पवेलियन की स्थापना की जा रही है। इस पवेलियन का शुभारंभ 17 दिसंबर को किया जाएगा और 24 दिसंबर तक लोग इस पवेलियन का अवलोकन कर सकेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त एवं केडीबी सीईओ अखिल पिलानी ने बातचीत करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर वर्ष किसी ना किसी राज्य को पार्टनर राज्य के रुप में आमंत्रित किया जाता है।





कुरुक्षेत्र। महोत्सव के दौरान मटके पर खड़े होकर प्रस्तुति देते कलाकार। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को भी उंगलियां चबाने पर मजबूर कर दिया। फोटोः हरिभूमि

# स्मैक सहित युवक को पुलिस ने किया काबू

**यमुनानगर।** थाना छप्पर पुलिस ने गांव कलावड़ टी प्वाइंट से कार में नशीले पदार्थ की सप्लाई करने जा रहे युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपी से 34.55 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना छप्पर पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कलावड़ निवासी अवनीश उर्फ किन्नू नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गांव कलावड़ के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक कार आती दिखाई दी। जब पुलिस टीम ने कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो कार से 34.55 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

- आरोपी से बरामद हुई 34 .55 ग्राम स्मैक

### शुगर मिल के पीछे संदिग्ध हालत में मृत मिले दो युवक

**शाहबाद।** हल्का शाहाबाद के शुगर मिल के पीछे दो युवकों को संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 8 बजे सामुदायिक अस्पताल में 108 नंबर से फोन आया कि शुगर मिल के पीछे जनदेहडी रोड पर दो युवक मृत अवस्था में पड़े है। मृतकों की पहचान सतनाम सिंह मोहल्ला माजरी उम्र लगभग 40 वर्ष और दूसरा युवक गांव जंधेड़ी का बताया जा रहा है । ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि युवकों ने रात को कोई नशा किया है और पूरी रात ठंड के कारण उनकी मौत हो गई है। दोनों युवको के शवों को नागरिक अस्पताल के शव ग्रह में रखा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी कुरुक्षेत्र भेजा जाएगा। उसके उपरांत परिजनों को शव सुपुर्द कर दिए जाएंगे।

# युवक दो बच्चों की मां को लेकर फरार

## महिला घर से जेवर, 53 हजार व बैंक की पासबुक साथ लेकर गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव मलिकपुर निवासी जोनी दो बच्चों की मां को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। महिला घर से जेवर, 53 हजार रुपये व बैंक की पासबुक भी साथ लेकर गई। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- महिला के पति ने आरोपी युवक पर लगाया पत्नी को शादी का झांसा देकर अगवा करने का आरोप

जानकारी के अनुसार साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास दो बच्चे हैं। उसकी 32 वर्षीय पत्नी तीन दिसंबर को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला।

### पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया

जांच के दौरान उसे पता चला कि उसकी पत्नी को गांव मलिकपुर निवासी जोनी शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कार की टक्कर लगने से साइकिल चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के शादीपुर-करेहड़ा रोड पर कार की टक्कर लगने से साइकिल चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के जिला छपरा निवासी नीलमनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ शादीपुर सरकारी स्कूल के पास किराये के मकान में रहता है। उसका पिता चंदेश्वर प्रसाद प्लाईवुड फैक्टरी में मेहमन मजदूरी करते थे। नौ दिसंबर को शाम साढ़े छह बजे उसका पिता फैक्टरी से काम खत्म करके साइकिल पर घर लौट रहा था। जब वह शादीपुर करेहड़ा रोड पर पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने उसके पिता की साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसके पिता को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफॅर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।


## सुबह नौ बजे तक घने कोहरे में सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

# कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्त व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने से मौसम में ठंड बढ़ गई। मौसम में ठंड़ बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। आलम यह है कि पिछले कई दिन से सुबह के वक्त लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, ठंड की ठिठुरन में नन्हें मुन्ने बच्चों को ठिठूरते हुए अपने स्कूलों में पहुंचना पड़ रहा है। मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। सुबह नौ बजे तक जिले में घना कोहरा छाया रहने से लोग परेशान रहे। सुबह दस बजे के करीब अच्छी धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने से जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।

- मौसम में ठंड़ बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए



यमुनानगर। मंगलवार सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों मे ग्राहकों की कमी होने लगी है। दोपहर के वक्त ही ग्राहक अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने से जिले का अधिकतम तापमान घटकर 22 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम मात्र 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

# चोरी करने के तीन आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सीआईए-1 की टीम ने चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से नकदी सहित सामान व ई-रिक्शा बरामद की गई है। टीम इंचार्ज एसआई अनिल कुमार के नेतृत्व में विश्वसनीय सूचना पर आरोपी बबलू निवासी हकीकत नगर करनाल, प्रवीण कुमार उर्फ पन्नू निवासी मुखाल हाल किरायेदार शिव कॉलोनी करनाल और प्रद्युम निवासी शिव कॉलोनी करनाल को नई सभी मंडी रोड करनाल से गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा छह लोहे की पाइप, दो हजार नकद राशि व वारदात में इस्तेमाल ई रिक्शा बरामद की गई। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता रामकुमार निवासी खेड़ा कॉलोनी करनाल की फैक्टरी जोकि कंबोपुरा में स्तिथ है से बतीश लोहे की पाइप व अन्य सामान चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। जिस संबंध में थाना मधुबन में चोरी की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की आगामी तफ्तीश में एएसआई सतीश सीआईए वन की अध्यक्षता में पूछताछ में पाया गया कि तीनों आरोपी नशा करने के अत्यधिक आदी है। आरोपियों ने नशापूर्ति के लिए ही इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

- आरोपियों से लोहा पाइप, नकदी और वारदात में इस्तेमाल ई रिक्शा बरामद



करनाल। पुलिस टीम की गिरफ्त में आरोपी।

**खबर संक्षेप**

### मां चंडके देवी मंदिर मेले के लिए जाएगी फ्री बस

**हिसार।** सप्तमी के पावन अवसर पर 19 दिसंबर को प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में लगने वाले मेले, माता के दर्शनों व पूजन के लिए हिसार से निःशुल्क बस जाएगी। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के संयोजक जगदीश तायल व महंत गोकुलदास ने बताया कि समिति के तत्वावधान में यह बस श्रद्धालुओं को लेकर आजाद नगर व रेड स्क्वेयर मार्केट से होते हुए पाबड़ा स्थित प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में पहुंचेगी।

### 48 बोतल व 30 लीटर लाहन सहित चार काबू

**नारनौंद।** बास पुलिस ने 48 बोतल अवैध देसी शराब माल्टा मस्ती व 30 लीटर लाहन के साथ चार आरोपितों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपितों की पहचान अमीत निवासी चौरटापुर जिला भिवानी, कपिल निवासी हांसी, उगालन निवासी बिरमती, बनी के रुप में हुई है।

### हेरोइन सप्लायर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**हिसार।** थाना आजाद नगर पुलिस ने विश्वास अस्पताल, आजाद नगर के पास से हेरोइन बरामदगी मामले में सप्लायर ढाणी पीरावाली निवासी बलबीर उर्फ खज्जू को गिरफ्तार किया गया है। उप निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने 3 दिसंबर को सूचना के आधार पर विश्वास स्कूल के पास से चंद्रलोक कॉलोनी निवासी वीरेंद्र को 5.44 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर गिरफ्तार किया गया था।

### हत्या मामले में आठवां आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने सूर्य नगर के सूरज की हत्या मामले में आठवें आरोपित सूर्य नगर निवासी सुमित उर्फ बुगल को गिरफ्तार किया गया है। सूर्य नगर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक करमजीत ने बताया कि आरोपित सुमित उर्फ बुगल 9 अक्टूबर को सूर्य नगर फाटक के पास हुए लड़ाई-झगड़े की वारदात में शामिल था। जिस झगड़े में लगी चोटों के कारण सूर्य नगर निवासी सूरज की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

### एडीजीपी श्रीकांत जाधव आज खाबड़ा कलां में

**फतेहाबाद।** गांव खाबड़ा कलां स्थित पीडीएम स्कूल में आज मिनट टू मिनट नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव भाग लेंगे। कार्यक्रम में गांव ढिंगसरा से शांति निकेतन स्कूल, गांव चुली बागडियान से ग्रीन वैली स्कूल, फतेहाबाद से बाल भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी भाग लेंगे।

### साइबर ठगी करने के 9 आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** साइबर क्राइम पुलिस ने ठगी के तीन मामलों को सुलझाते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर 14 लाख 20 हजार की ठगी की राशि बरामद की है। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सिरसा के अलावा हिमाचल प्रदेश, दिल्ली व उत्तरप्रदेश के निवासी है। उन्होंने बताया कि बीती 27 सितंबर 2023 को सिरसा निवासी सीमा नागपाल के साथ बीमा के नाम पर 65 लाख रुपए की ठगी हुई थी, दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर किया जागरूकता कार्यक्रम

# अपने आत्मसम्मान और हकों के प्रति जागरूक रहें छात्राएं

पुलिस का उद्देश्य महिलाओं एवं लड़कियों को उनकी सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के बारे जागरूक करना : पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** छात्राओं को मोटिवेट करते महिला थाना प्रभारी पुष्पा सिहाग।

फतेहाबाद पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति स्कूल, कॉलेज में जाकर छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। मंगलवार को महिला थाना प्रभारी पुष्पा सिहाग फतेहाबाद के सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भीवां बस्ती पहुंची और वहां पर उपस्थित छात्राओं को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण अंचल में रहने वाली महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक कर पुलिस की सेवाओं के बारे में जानकारी देना है।

महिला थाना प्रभारी ने कहा कि हर लड़की को अच्छे व बुरे स्पर्श के बारे में ज्ञान होना चाहिए। अगर आपको कोई स्पर्श करता है और आपको लगे कि यह गलत है तो आप इसका पुरजोर विरोध करें, दबकर न रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा महसूस होने पर आप अपने अभिभावकों या पुलिस को सूचना दें या फिर आपके सबसे अच्छे दोस्त अपने गुरुजनों को इसके बारे बताएं।

इस दौरान उन्होंने छात्राओं को जागरूक करते कहा कि अगर आप किसी प्रकार की मुसीबत में हो तो डायल 112 पर जानकारी देकर सहायता ले सकते है। उन्होने कहा कि महिलाएं अपने आप को कमजोर ना समझे, बेझिझक होकर अपनी शिकायत पुलिस को दें। आपके द्वारा दी गई शिकायत की कार्यवाही तुरंत होगी।

### लड़कियों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया


कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित लड़कियों को मोटीवेट किया और कहा कि कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। शहर थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने कार्यक्रम मे उपस्थित लड़कियों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि शहर फतेहाबाद में स्कूल, कॉलेजों एवं शिक्षण संस्थाओं में पुलिस की पीसीआरए राइडर लगातार गश्त पर रहती है। आपको अगर कोई परेशान करता है तो उसकी सूचना शहर पुलिस को दें। स्कूल प्राचार्य राजीव कुमार ने स्कूल में आए अतिथियों का स्वागत किया और पुलिस विभाग द्वारा किए जा रहे इस तरह के कार्यक्रमों को लाभप्रद बताया।

# युवाओं संग पुलिस ने खेले मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का संदेश देते पुलिस कर्मचारी।

पुलिस द्वारा युवाओं को नशे के खिलाफ संदेश देने तथा उन्हें खेलों से जोड़ने के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत पुलिस जवानों ने गांव कंवरपुरा, बाजेकां तथा खैरेकां में जाकर युवाओं के साथ मैच खेले तथा उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक विक्त्रांत भूषण ने इस संबंध में पुलिस जवानों की हैंडबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी तथा क्रिकेट टीमों का गठन किया है, जो लगातार गांव दर गांव जाकर सुबह और शाम के समय युवाओं के साथ खेल मैदानों की सफाई करवा कर ग्रामीण युवाओं को विभिन्न खेल तथा जिमनास्टिक की क्रियाएं करवा रहे हैं। ग्रामीण युवा भी पुलिस की इस मुहिम से काफी प्रभावित हो रहे हैं तथा खेलों में रुचि ले रहे हैं। पुलिस जवानों की टीम अब तक जिला के डिंग मंडी, भावदीन मानक दीवान, मल्लेका, मिठनपुरा खारिया, बाजेंका, कंवरपुरा, फूलकां, खैरेकां, भरोखां, अहमदपुर इत्यादि गांवों में जाकर जहां ग्रामीणों के सहयोग से खेलों का ग्राउंड तैयार करवाया है, वही ग्रामीण युवाओं के साथ विभिन्न खेलों में भाग लेकर जागरूक किया है।


**सिरसा।** महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

### ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**चोपटा।** कस्बे के गांव कागदाना में भारत शक्ति वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चलाई गई मुहिम महिला सशक्तिकरण के तहत चल रहे ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के समापन पर ब्यूटी पार्लर का काम सीखने वाली लड़कियों को भारत शक्ति वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट की महासचिव एवं महिला अध्यक्ष ममता खंडेलवाल द्वारा सर्टिफिकेट वितरित किए गए। ममता खंडेलवाल ने कहा कि नारी सशक्तिकरण को लेकर ट्रस्ट की ओर से अनेक प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनसे महिलाएं व युवतियां लाभांवित भी हो रही है। उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षण लेकर महिलाएं व युवतियां अपना रोजगार चलाकर परिवार का बेहतर तरीके से पालन पोषण कर सकती हैं। इस अवसर पर भारत शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलकार सिंह खंडेलवाल, जिला अध्यक्ष कपिल बिश्नोई, जीव प्रेमी व सहयोगी कार्यकर्ता विक्रम सिंह निरबान भी मौजूद थे।

### हेलन केलर दृष्टिबाधित स्कूल में हुआ मस्ती

**सिरसा।** हेलन केलर दृष्टिबाधित विद्यालय सिरसा में मंगलवार को फन फेयर एवं मस्ती मेला का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों के लिए डोसा, गोलगप्पे व चाऊमीन आदि व्यंजनों का प्रबंध किया गया। खेलकूद व मनोरंजन के लिए मिक्की माउस झूला व ब्लूटूथ स्पीकर की भी व्यवस्था की गई। दिव्यांग बच्चों ने इस मेले का भरपूर लाभ उठाया व खूब मस्ती की। इस मौके पर स्कूल प्रधान रमता सोनी, महासचिव वीरभान सेठी, अभिभावकगण, स्टाफ सदस्य व अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने प्रधान रमता सोनी, महासचिव वीरभान सेठी के प्रयासों व इस नई पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की

# योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान

- विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा के तहत ऐलनाबाद कस्बे में कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा।


**सिरसा।** ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करते अधिकारी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को जिला के गांव धोलपालिया, नरेलखेड़ा, मौजूखेडा व नीमला में जनसंवाद कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। गांव धोलपालिया व नीमला में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमीर चंद मेहता, प्रदेश सचिव महिला मोर्चा निताशा सिंहाग, जसवीर चहल आदि मौजूद रहे। साथ ही गांव नरेलखेड़ा व मौजूखेड़ा में पूर्व विधायक बलकौर सिंह, बीजेपी महामंत्री सर्वजीत सिंह आदि मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमीर चंद मेहता ने ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं पर पहला हक गरीब व्यक्ति का है, प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करते हुए सरकार की अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से भी प्रदेश के हर परिवार की आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने के लिए अंत्योदय मेले आयोजित करके स्वरोजगार के लिए 50 हजार लोगों को ण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। यात्रा के दौरान एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। इस दौरान बैंक की स्टॉल, स्वास्थ्य जांच शिविर, हेल्प डेस्क, आयुष कैंप, योगाभ्यास, क्त्रिड हेल्प डेस्क, सीएससी स्टाल, पीएम उज्ज्वला योजना, मेरा भारत पंजीकरण हेल्प डेस्क भी लगाई गई। मुख्य अतिथियों ने स्टालों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर जसवीर चहल, गांव धोलपालियां के सरपंच महावीर प्रसाद, एमसी ऐलनाबाद संदीप घो?ला, भूरा राम डूडी, दड़बी मंडल के सदस्य देगो बाई, गुरपाल सिंह, सरपंच बग्गुवाली रिंकु सिंह, पूर्व सरपंच कुलवंत सिंह, सरपंच हरजीत मौजूद रहे।

# डीसी ने लिया सफाई का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते उपायुक्त।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मंगलवार को शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और नगर परिषद के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश के प्रत्येक शहर व गांव की सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर, इसलिए वे स्वयं इस बारे समय-समय पर समीक्षा कर रहे हैं।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अपने शहर के दौरे के दौरान सबसे पहले स्थानीय बस स्टैंड के नजदीक बनें डंपिंग प्वाईंट को चैक किया। इसके बाद उन्होंने सिरसा क्लब के सामने, डाकघर के सामने व रानियां रोड सब्जी मंडी के नजदीक अनेक स्थानों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नगर परिषद ईओ को निर्देश दिए कि शहर में सब्जी मंडी व सामान्य अस्पताल के नजदीक घुमने वाले बेसहारा गायों को जल्द से जल्द गौशालाओं में छुडवाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर के डाकघर के सामने वाले स्थान को पार्किंग स्थल बनाया जाए, ताकि लोगों को पार्किंग सुविधा उपलब्ध हो सके और खाली पडे स्थान का सदुपयोग हो सके।

उपायुक्त ने कहा कि नागरिकों को सुखा व गीला कचरा अलग-अलग करने के लिए प्रेरित करें, ताकि नगर परिषद को कचरा एकत्रित करने व निस्तारण में परेशानी ना हो।



### महिलाओं पर हिंसा उन्मूलन पर चर्चा

**फतेहाबाद।** मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय फतेहाबाद में महिला प्रकोष्ठ की ओर से महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए शहरी विकास मंत्रालय के अभियान 'नई चेतना 2.0, पहल बदलाव' के तहत दो दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. जनक मेहता ने किया जबकि जागरूकता अभियान का संचालन महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज सुमन बिश्नोई द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस नई चेतना अभियान का उद्देश्य महिलाओं और विभिन्न जेंडरों के व्यक्तियों के अधिकारों को आगे बढ़ाना तथा उनके जीवन को भय और जेंडर-आधारित भेदभाव से मुक्त करना है। इस अभियान में शामिल महाविद्यालय की छात्र- छात्राओं ने विभिन्न स्कूलों में और आसपास के गांव में जाकर लैंगिक समानता, महिला अधिकारों के लिए लोगों को और स्कूल के विद्यार्थियों को जागरूक करके अपनी भागीदारी निभाई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जनक मेहता ने विद्यार्थियों को निकट भविष्य में इस तरह के जागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया।

# 'अफसरों ने शहर को गंदगी में धकेला'

- चेतावनी, जल्द संज्ञान नहीं लिया तो फूंकेंगे अधिकारियों के पुतले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** लघु सचिवालय में धरने पर बैठे समाजसेवी गुरलाल सिंह व अन्य।

नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग को लेकर लघु सचिवालय में समाजसेवी गुरलाल सिंह द्वारा लगाया गया धरना 11वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। धरने को राजेश चौधरी, विजय सैनी, कपिल सरावगी, कमल कांटीवाल, मोनिका गोदारा, होशियार सिंह, सुरेंद्र सिंह, हैप्पी बक्शी, योगेश सैनी, प्रवीन सिंगला, संदीप सैनी, अरूण सैनी, बजरंग सैनी, अरविंद सोलंकी, दिलप्रीत सेखों, कुलदीप, संदीप, राजेंद्र, सुरेंद्र भारद्वाज सहित अन्य ने समर्थन दिया। गुरलाल सिंह ने बताया कि दिल्ली पुल से लेकर एयरफोर्स तक नगर परिषद की ओर से सफाई का एक कंपनी को दिया गया है, लेकिन आधा शहर गंदगी की मार झेल रहा है। गंदगी के कारण कई तरह की बीमारियां भी लगातार पैर पसार रही है। प्रशासनिक अधिकारी भी सबकुछ जानकर भी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। कल तक जो ठेकेदार नप अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को लेकर मंदिर में जाने को तैयार था, आज वही अधिकारियों की ईमानदारी के सर्टिफिकेट दे रहा है।

# पैक्स कर्मचारी 19 को करेंगे सीएम आवास का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पैक्स कर्मचारी महासंघ हरियाणा संबंधित, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा पैक्स कर्मचारी महासंघ हरियाणा की ओर से मुख्यमंत्री घोषणा 2019 वेतनमान खामी विभागीय कमेटी रिपोर्ट के आदेश को चार वर्ष बीतने के बाद भी लागू नहीं किया गया है, जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। सरकारी की वायदाखिलाफी को लेकर कर्मचारियों ने अब 19 दिसंबर को सीएम आवास घेराव का निर्णय लिया है। प्रधान भगवंत शर्मा व महासचिव भजनलाल ने संयुक्त रूप से बताया कि महासंघ द्वारा बार-बार प्रदर्शन करने के बाद विभागीय अधिकारियों व सरकार के साथ कई दौर की बैठक हुई, लेकिन सिवाय आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। सरकार की घोषणा के बाद लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसके अलावा हर माह 85-90 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। लंबा समय बिताने के बाद व कर्मचारियों के भारी रोष को ध्यान में रखते हुए महासंघ की रा'य कमेटी ने कड़ा फैसले लेते हुए 19 दिसंबर 2023 को माननीय मुख्यमंत्री आवास घेराव का फैसला लिया गया है।


**टोहाना।** सरदार यशवंत सिंह टोहानवीं की स्मृति में बनाए गए भव्य द्वार का लोकार्पण करते विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

### यशवंत सिंह टोहानवीं की स्मृति में द्वार का किया लोकार्पण

**टोहाना।** प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि स्वर्गीय सरदार यशवंत सिंह टोहानवीं ने टोहाना की पहचान पूरे भारतवर्ष और विदेश में बढ़ाकर गौरव बढ़ाया है। हम उनके दिये सहयोग को कभी भूल नहीं सकते। विकास एवं पंचायत मंत्री मंगलवार को वार्ड नंबर 7 में सरदार यशवंत सिंह टोहानवीं की स्मृति में 18 लाख रुपये की लागत से बनाये गये भव्य द्वार के लोकार्पण के अवसर पर नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। विकास एवं पंचायत मंत्री बबली ने कहा कि आर्य संगीत रामायण व अन्य कई महत्वपूर्ण पुस्तकों के लेखक यशवंत सिंह टोहानवीं ने टोहाना का मान बढ़ाया है। उनके द्वारा लिखित आर्य संगीत रामायण से पूरे देश में रामलीलाओं का मंचन होता है ये बड़े गर्व की बात है। अपने जीवन काल में उन्होंने लेखन की दुनिया में बड़ा नाम कमाया। उनके इस योगदान को हम कभी भूल नहीं सकते। उउनके जीवन से आने वाली पीढ़ियां शिक्षित हो इसके लिए सरकार भी प्रयास करेगी कि उनकी यादों का संग्रहण किया जाये। आने वाली पीढ़ियों को उनके लेखन से सीखना चाहिए। इस अवसर पर नगर परिषद के चेयरमैन नरेश बंसल, रमेश गोयल, अमरजीत मडिया, पार्षद राजकुमार, जोनी मेहता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### जीओ गीता परिवार ने विद्यार्थियों को बताया

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव सिकंदरपुर स्थित नाइन टू वन स्कॉलर्स हैवन स्कूल में जीओ गीता परिवार के सदस्यों की ओर से गीता के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया। सर्वप्रथम स्कूल की प्रधानाचार्या डा. अंजू शर्मा तथा निदेशिका मिस नेहा शर्मा ने विद्यार्थियों को गीता के बारे में बताते हुए गीता के श्लोकों को ध्यानपूर्वक सुनने तथा अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए।

तत्पश्चात जीओ गीता के सदस्यों भावना अरोड़ा, रितु अरोड़ा, उषा मेहता तथा सुनीता सचदेवा द्वारा अष्टादश श्लोकी गीता के श्लोकों का बच्चों से उच्चारण करवाया गया। उन्होंने बताया कि गीता के उपदेश में इतनी शक्ति है कि इसका पालन करने वाला मनुष्य अच्छे दृ बुरे का फर्क समझ पाता है।

## उपायुक्त ने नवोदय विद्यालय औढां का किया निरीक्षण

# अनुशासन से चुनौतियों पर जीत प्राप्त करें: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां


**सिरसा।** ओढां में बच्चों को संबोधित करते उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि नवोदय विद्यालय बच्चों को अनुशासन सिखाता है, अनुशाशित रह कर व मेहतन के बल पर बच्चे हर चुनौती पर जीत प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नवोदय विद्यालयों में सरकार द्वारा बेहतरीन सुविधाएं मुहैया करवाई जाती है। इसलिए बच्चे इन सुविधाओं का भरपूर फायदा उठाएं और अपने लक्ष्यों को पूरा करें।

वे मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय औढां में विद्यार्थियों से संवाद कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त ने विद्यालय की लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब व कक्षाओं का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय के वार्षिक बजट की समीक्षा भी की। उन्होंने बच्चों के प्रतिदिन के शैड्यूल, सुविधाओं, होस्टल सुविधा, स्टॉफ व बच्चों की संख्या आदि की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव को भी बच्चों से साझा करते हुए सकारात्मक संवाद किया। उपायुक्त ने बच्चों के बीच बैठकर उन्हें ध्यान लगाना सिखाया व इसके महत्व के बारे में बताया।

### विद्यार्थियों के लिए ध्यान लगाना तनाव से मुक्ति की सबसे अच्छी प्रक्रिया : पार्थ

उपायुक्त ने कहा कि ध्यान लगाना तनाव से मुक्ति की सबसे अच्छी प्रक्रिया है। परीक्षा के दिनों में विद्यार्थियों पर प्रैशर अधिक होता है, इसलिए ध्यान के माध्यम से दिमाग को शांत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों पर अच्छे अंक लाने तथा सफल होने का दबाव होता है। लेकिन छात्र इस दबाव को सकारात्मक रूप से लेते हुए अपने जीवन में आगे ब?। उन्होंने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का समय है, लेकिन क?ी मेहनत, अनुशासन और पक्के इरादे के साथ इन चुनौतियों पर जीत प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में मिले हुए संस्कार व्यक्ति के भावी जीवन की दशा और दिशा को निर्धारित करते हैं। इसलिए सभी छात्र पूरे मनोयोग से शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य का निर्माण करें।

## खबर संक्षेप



### स्कूल की लाईब्रेरी से सामान चोरी

सिरसा। जिला के गांव खोखर की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में घुसकर चोरों ने हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में स्कूल के मुखिया सुखबीर सिंह ने बताया कि बीती 10 दिसंबर को रविवार होने के कारण स्कूल बंद था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने स्कूल में बनी लाइब्रेरी का ताला तोड़ा और उसमें लगी एक एलईडी व सेमसंग का एक टीवी चोरी कर लिया। सुबह जब स्टाफ सदस्य स्कूल में गए तो उन्हें घटना का पता चला। कमरे में जाकर देखा तो उपरोक्त सामान गायब था। उन्होंने पहले तो आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिस पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लायंस क्लब ने बांटी जर्सियां

रतिया। सर्दियों के मौसम को देखते हुए लायंस क्लब रतिया जरूरतमंद बच्चों को राजकीय संस्कृति मॉडल प्राथमिक स्कूल रतिया में जर्सी बांटी गई। क्लब के अध्यक्ष प्रदीप बंसल ने बताया कि इससे पहले भी तीन स्कूलों में क्लब द्वारा जर्सी व शूज वितरण किया जा चुका है और आने वाले समय में एक स्कूल में और जर्सी वितरण की जाएंगी। इस अवसर पर क्लब के संरक्षक गोपालचंद, उपाध्यक्ष हरबीर जौड़ा, कोषाध्यक्ष विपन बंसल, वरिष्ठ सदस्य वीरभान बंसल, अनु ढूकिया, जीवन रहेजा, राजकुमार खंडू आदि उपस्थित रहे। स्कूल मुखिया अशोक ने क्लब के सदस्यों का धन्यवाद किया।

### खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए : ओड

बवानीखेड़ा। बडेसरा में शहीद राज सिंह की तृतीय पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में खेल मेले का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा नेता सुरेश और को मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मेंद्र बल्हारा पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बताया कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, इसमें हीन भावना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर गांव के गणमान्य रामकिशन फौजी, संदीप स्कूल संचालक, सोमवीर पहलवान आदि मौजूद रहे।

### चौ. बंसीलाल कॉलेज में रक्तदान शिविर आज

लोहारू। चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एसडीएम अमित कुमार बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। प्राचार्य डॉ. सुखवीर सिंह ने बताया कि चौ. बंसीलाल सामान्य अस्पताल भिवानी रक्तबैंक की टीम के सहयोग से आयोजित होने वाले इस शिविर में राष्ट्रीय रक्तदान पुरस्कार से सम्मानित प्यारेलाल सांगवान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

## भारत संकल्प यात्राः बीघड़, बनावाली के लोगों को गैस चूल्हा सौंपा

# बीघड़ रोड होगा चौड़ा, 7 करोड़ होंगे खर्च : दुड़ाराम

गांवों की फिरनियों के ऊपर तथा गांवों से खेतों को जाने वाले रास्तों को पक्का करवाने को लाखों की धनराशि खर्च की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांवों में योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते विधायक दुड़ाराम।

विकसित भारत संकल्प यात्रा से नागरिकों को सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिल रहा है। इसके साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी मिल रही है। यात्रा के दौरान पात्र एवं गरीब परिवारों को उज्वला गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं और नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। यात्रा का गर्मजोशी के साथ ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया जा रहा है। यह बात विधायक दुड़ाराम ने गांव बीघड़, बनावाली आदि फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के अन्य गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। विधायक दुड़ाराम ने कहा कि फतेहाबाद से बीघड़ के रोड को चौड़ा किया जा रहा है जिस पर सात करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। फतेहाबाद हलके के विभिन्न गांवों में 25 करोड़ रुपये की धनराशि से नई सड़कों का निर्माण, सड़कों को चौड़ा करना सहित मुरम्मत व रखरखाव के कार्य किए जाएंगे, जिससे यातायात सुगम होगा और संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। गांवों की फिरनियों के ऊपर तथा गांवों से खेतों को जाने वाले रास्तों को पक्का करवाने के को लाखों धनराशि खर्च की जा रही है।

### 600 गरीब एवं पात्र परिवारों को गैस कनेक्शन जारी किए गए

विधायक ने कहा कि गांव किरढ़ान, बनावाली व बीघड़ आदि में लगभग 600 गरीब एवं पात्र परिवारों को गैस कनेक्शन जारी किए गए है। उन्होंने कहा कि जिला में 7605 गरीब परिवारों को उज्वला गैस कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। आयुष्मान -चिरायु योजना के तहत गांवों के सैकड़ों व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए है, जिनका लाभ उन व्यक्तियों ने अपने ईलाज के लिए उठाया। इन नागरिकों के ईलाज पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की राशि का वहन किया गया है।

इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों का विधायक ने निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान विधायक ने उपस्थितजन को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विधायक ने प्रगतिशील किसानों व पशुपालकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, योजनाओं के लाभार्थियों तथा कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले और प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जगदीश शर्मा, अनिल सिहाग, सुमित गोदारा, जिप सदस्य बिंद्रपाल, राजेंद्र प्रजापति, सरपंच मेनपाल गोदारा, रजनीश, विष्णु नैन, पार्षद सुखदेव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां बांटीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया



रतिया। विद्यालय में विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित करते लोक चेतना मंच के सदस्य।

लोक चेतना मंच हरियाणा द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतिया में जरूरतमंद बच्चों को जर्सी वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मंच के सलाहकार सुरजीत सिंह शिमलापुरी शामिल हुए जबकि समारोह की अध्यक्षता मंच के चेयरमैन डॉ. नैब सिंह मंडेर ने की। विद्यालय प्राचार्य अवनीश गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मंच के महासचिव कृष्ण सिंह चित्रकार ने मंच की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए रिपोर्ट पेश की। मुख्यातिथि सुरजीत सिंह ने कहा कि अच्छी शिक्षा व्यक्ति को महान बना देती है इसलिए बच्चों को गुनात्मक शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नैब सिंह मंडेर ने कहा कि मंच द्वारा समय-समय पर जरुरतमंद लोगों की मदद करने के साथ साथ सर्दी के मौसम में कम्बल, जर्सी, शूज वितरण समारोह आयोजित करके सेवा कार्य किया जाता है। इस अवसर पर प्राचार्य गर्ग ने समाज सेवा के कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर विनोद कुमार, वीरावंती, मंजू, हरमनप्रीत कौर, परमजीत कौर, स्नेहलता सहित स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

## सीडीएलयू की अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष पर प्रतियोगिताएं

### विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में तीन हरियाणा गर्ल्स बटालियन के निर्देशानुसार व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 दिसंबर महीने के प्रथम सप्ताह के दौरान मनाया गया जिसमें प्रतिदिन अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज के विषय पर पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, भाषण आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही नुक्कड़ नाटक व जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया और शरीर को हृष्ट-पुष्ट व तंदुरुस्त बनाने के लिए मोटे अनाज के महत्व को दर्शाया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 का उद्देश्य मिलेट की खपत को बढ़ाकर पोषक सुरक्षा सुनिश्चित करना है जिसके लिए 8 मिलेट्स को चिन्हित किया गया है जिसमें 'वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी, कंगनी, चेना तथा सांवा आदि सम्मिलित हैं। इस आयोजन के अवसर पर एनसीसी केयर टेककर प्रोफेसर रचना अहलावत व एनसीसी इंस्ट्रक्टर सोनिका उपस्थित रहे। प्रो. रचना अहलावत ने एनसीसी कैडेट्स को मोटे अनाज के महत्व के बारे में बताया तथा अपने अनुभव से मोटे अनाज के उपयोग को सांझा किया। उन्होंने प्रतिभागियों को अपनी बहुमूल्य अंतदृष्टि व मार्गदर्शन प्रदान किया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसी के साथ सभी कैडेट्स द्वारा यह प्रतिज्ञा ली गई कि हम अपने खान-पान में मोटे अनाज को सम्मिलित करेंगे व इसके महत्व के बारे में जागरूक करेंगे।

### डिलीवरी ब्वॉय की मोटरसाइकिल चोरी

सिरसा। जोमेटो कंपनी के डिलीवरी ब्वॉय की बरनाला रोड से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव हांडीखेड़ा निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि वह जोमेटो कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय है। उसने बताया कि शाम को वह बरनाला रोड पर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर कंपनी से ऑर्डर लेने के लिए गया था। इसी दौरान पीछे से कोई उसकी बाइक चोरी कर ले गया।

कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो देखा कि बाइक गायब है। उसने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सीडीएलयू की शैक्षणिक परिषद की बैठक में 15 से अधिक एजेंडों पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की 38वीं बैठक मंगलवार को विश्वविद्यालय के सीवी रमन भवन के सेमिनार हॉल में हुई। बैठक में विद्यार्थी हित से जुड़े 15 से अधिक एजेंडों को पारित किया गया। सीडीएलयू में आगामी शैक्षणिक सत्र से एमए सोशियोलॉजी तथा बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स पाठ्यक्रम शुरू करने का फैसला भी सर्वसम्मति से लिया गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल इंग्लिश तथा स्पोकन इंग्लिश के साथ साथ सॉफ्ट स्किल्स विकसित करने की कार्य योजना पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के मार्फत योगा क्लब स्थापित करने का फैसला लिया गया ताकि योगा को शिक्षा के साथ जो? कर एक स्वस्थ समाज की स्थापना की जा सके और युवाओं की एनर्जी को चैनेलाइज किया जा सके। योगा क्लब के लिए डीन स्टूडेंट वेलफेयर, फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट तथा संस्कृत विभाग संयुक्त रूप से केंद्र तथा रा'य सरकार के मानकों के अनुरूप कार्य योजना तैयार करेंगे।

### विवि गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा अपने विद्यार्थियों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के अंदर बी फार्मेसी, इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम, तथा यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के माध्यम से विभिन्न रोजगारन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारम्भ करके न केवल 12वीं पास विद्यार्थियो के लिए विश्वविद्यालय के द्वार पढ़ाई के लिए खोले बल्कि उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित किए गए। इस बैठक में ऐकेडेमिक प्लानिंग बोर्ड की सिफारिशों पर भी विस्तार से चर्चा की गई और विश्वविद्यालय में एनईपी को प्रभावी ढंग से लागू करने के बारे में भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कुलपति ने कहा कि प्राध्यापकों को विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल करते हुए किताबी तथा व्यवहारिक रूप से दक्ष करना चाहिए। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार, प्रो. सुरेश कुमार गहलावत, डायरेक्टर जनरल ऑफ हायर एजुकेशन के नॉमिनी के रूप में उपनिदेशक मीनाक्षी सिंह, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली से प्रो. सुधीर कुमार आर्य, उदयपुर राजस्थान से प्रो. सीआर सुथार, चंडीगढ़ से प्रो. देवेंदर सिंह ने भाग लिया।

## बाइक सवारों ने महिला के गले से झपटी चेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सास को दवा दिलाकर ऑटो में घर लौट रही महिला के गले से बाइक सवार सोने का मंगलसूत्र छीनकर ले गए। महिला ने काफी शोर भी मचाया, लेकिन जब तक आसपास के लोग आते, तब तक आरोपी भाग चुके थे। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 16 निवासी महिला सोनू ने बताया कि वह सुबह करीब साढ़े 11 बजे अपनी सास को दवा दिलवाने के लिए खुराना अस्पताल में गई थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे वह ऑटो में अपनी सास के साथ घर लौट रही थी। इसी दौरान जियो मार्ट के समीप बाइक सवार दो युवक खड़े थे। एक युवक मोटरसाइकिल पर सवार था, जबकि दूसरा उसके पास खड़ा था। जैसे ही ऑटो उनके पास से गुजरा तो युवक ने उसके गले पर झपटा मारकर सोने का मंगलसूत्र छीन लिया और बाइक लेकर भाग गए। उसने काफी शोर भी मचाया, लेकिन आसपास के लोगों के आने से पूर्व आरोपी भाग गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एसडीएम ने किया विभिन्न गांवों में विकास कार्यों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। विभिन्न गांवों में विकास कार्यों का जायजा लेते एसडीएम राजेश कुमार।

फतेहाबाद के एसडीएम राजेश कुमार ने पंचायत विभाग के विकास कायार्ें का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गांव भोडिया खेड़ा, मानावली, सालमखेड़ा व धारनिया में निरीक्षण करते हुए विकास कायार्ें की गुणवत्ता का जायजा लिया। एसडीएम ने कहा कि सरकार की योजनाएं धरातल पर जल्दी लागू की जाए और विकास कायार्ें में तेजी लाए। ग्रामीण विकास के लिए सरकार कृतसंकल्प है। एसडीएम ने कहा कि विकास कायार्ें में उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाए। इसके साथ-साथ निर्माण कायार्ें को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाया जाए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कायार्ें में किसी भी प्रकार की लापरवाही व कोताही न बरती जाए। कोताही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आपदा प्रबंधन से निपटने की दी ट्रेनिंग

- एसडीआरएफ की पुलिस टीम द्वारा पुलिस लाइन में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। पुलिस लाइन में होमगार्ड व एनसीसी कैडेट को प्रशिक्षण देते एसडीआएफ की टीम। फोटो : हरिभूमि

एसडीआरएफ की पुलिस टीम द्वारा पुलिस लाइन में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन किया, जिसमें एसडीआरएफ टीम ने एनसीसी कैडेट, एनएसएस व होमगार्ड जवानों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। गुरूग्राम भौंडसी स्थित इंडियन रिजर्व बटालियन की एसडीआरएफ की टीम ने एनसीसी कैडेट्स व होमगार्ड को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव व प्राथमिक चिकित्सा के उपायों के बारे में जानकारी दी। भूकंप, बाढ़ व अन्य प्राकृतिक आपदाओं में बचाव के तरीके सिखाए गए। टीम द्वारा प्रेक्टिकल रूप से विक्टिम लोकेशन कैमरा, थर्मल इमेजिंग कैमरा, एयर लिफ्टिंग बैग सेट, वुड कटर, आयरन कटर, एंगल कटर, बिल्डिंग कटर, चिपिंग हेमर, फायर एक्सटिंग्विशर, सिलेंडर एग्जीक्यूटर, स्किल ड्रील, हाइड्रोलिक जैक, हाइड्रोलिक कटर, पावर यूनिटर, हैमर ड्रिल, पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट, मेडिकल फर्स्ट रिस्पांडर, सेल्फ कॉन्ड्यूट ब्रेथिंग अप्रेचर तथा जरूरत के अन्य टूल आदि का एसडीआरएफ टीम द्वारा इस्तेमाल कर बताया गया। कार्यक्रम में आग से सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल कर दिखाया गया। यह जानकारी देते एसडीआरएफ टीम के इंचार्ज एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लोगों की आपदा के समय मदद करना है तथा त्वरित मदद से लोगों की जान बचा सकते हैं। टीम इंचार्ज ने कहा कि स्टेट डिजास्टर रिस्पोंस टीम शिविर लगाकर लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## सरकार की घोषणाएं जुमला: गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। पत्रकारों से बात करते कांग्रेस जिला प्रभारी बजरंग गर्ग।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व जिला प्रभारी बजरंग गर्ग ने कांग्रेस के प्रतिनिधियों की बैठक लेने के उपरांत कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता में कहा कि आगामी 24 दिसंबर को किसान-मजदूर आक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी। यह रैली नहीं रैला होगा। जिसमें भारी संख्या में लोग भाग लेंगे क्योंकि भाजपा सरकार से प्रदेश का प्रत्येक वर्ग किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी व आम जनता बेहद दुखी है और इस सरकार से मुक्ति चाहता है। जबकि भाजपा सरकार में लगातार बेतहाशा महंगाई व बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल राजस्थान में रसोई गैस सिलेंडर 450 रुपए देने की घोषणा करते हैं मगर मनोहर लाल हरियाणा की जनता को गैस सिलेंडर एक हजार रूपए में देकर जनता को लूटने का काम कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी झूठी घोषणाओं व वादों की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान की आय 2 गुणा करने का वादा किया था परंतु सरकार ने किसानों की आय तो दोगुना नहीं की मगर खर्च जरूर दोगुना कर दिए हैं। आज खाद्य, बीज, खेती में उपयोग आने वाली दवाई, मशीनरी पार्ट्स व डीजल इत्यादि सभी सामान पहले से काफी महंगा हो गया है। भाजपा सरकार की सभी घोषणाएं सिर्फ जुमला बनकर रह गई है। गर्ग ने कहा कि इस सरकार में ना ही अच्छी शिक्षा है और ना ही अच्छी चिकित्सा है। जबकि सरकारी स्कूलों में टीचर व स्टाफ की काफी कमी तो है ही यहां तक की स्कूलों में बच्चों के बैठने के लिए बेंच तक नहीं है।

### फतेहाबाद पुलिस ने एडवाइजरी जारी की

## वीजा के नाम पर फर्जी ट्रेवल एजेंटों से रहे सावधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। एसपी आस्था मोदी।

शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रैवल एजेंटों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। यह बात पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी की बढ़ रहे मामलों के मद्देनजर लोगों को जागरूक करते हुए कही। जिला पुलिस द्वारा विशेष एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की गई है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्य के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग केवल पंजीकृत एजेंटों के माध्यम से ही विदेश यात्रा करें। विदेश भेजने का प्रलोभन देने वाले अनाधिकृत एजेंटों के चंगुल में न फंसे। भारत सरकार व हरियाणा सरकार द्वारा पंजीकृत एजेंटों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार इस बारे में लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोगों में विदेश जाने का काफी शौक है। फर्जी ट्रेवल एजेंट वेबसाइट के विज्ञापन के द्वारा लोगों से सम्पर्क करते हैं।

### सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों में न आएं

ये लोग पीड़ित को तब झांसे में फंसा लेते हैं, जब वे सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों का जवाब देते हैं। इसके बाद एजेंटों द्वारा तरह-तरह के लालच देकर पैसे हड़प लिए जाते हैं। बहुत से मामलों में ये एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दूसरे देशों मे भेज देते है जैसे अमेरिका जाने वालों को मैक्सिको, क्यूबा आदि देशों मे व इसी प्रकार आस्ट्रेलिया जाने वालों को मलेशिया आदि देशों मे ले जाते है और वहां से जगंलों, समुद्री रास्तों, सड़क मार्ग द्वारा पैदल नावों, कंटेनरों द्वारा गैर कानूनी तरीके से सीमा पार करवाते है। इसके दौरान बहुत से लोगों की ठंड के कारण, जहरीले जानवरों के काटने से, नाव डूबने या कंटेनर मे दम घुटने से मृत्यु हो जाती है। बहुत से मामलों मे इस प्रकार से विदेश गये लोगों के पासपोर्ट आदि दस्तावेज अपराधियों द्वारा छीन लिए जाते है और उनसे डरा धमका कर गलत कार्य करवाये जाते है, इसलिए हमें ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से बचकर रहना चाहिए। आपके द्वारा बरती गई थोड़ी-सी सावधानी आपको ऐसे ठगों का शिकार होने से बचा सकती है।